EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL KHAKNAR (SAT PAYARI)
TEHSIL- NEPANAGR, DIST.- BURHANPUR (M.P) -450221
SCHOOL-CODE 52114 DISE CODE – 23480506212 CBSE AFFILIATION NO. 1020104
School Website :- emrskhaknar.org.in
Email id:- ksp6212@gmail.com emrskhaknar52114@gmail.com

F.No. /EMRS/ Khaknar / 2024–25 / दिनांक-19/03/2025

कक्षा 7वीं, 8वीं तथा 9वीं में पार्श्व प्रवेश (Lateral Entry) के तहत

प्रवेश सूचना

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) के दिशा–निर्देशों (गाइडलाईन) के अनुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खकनार (सातपायरी) में कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिये एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पार्श्व प्रवेश परीक्षा (EMRSLT) 2025-26 हेतु ऑफलाइन पंजीकरण फार्म एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खकनार (सातपायरी) में 21/03/2025 से 10/04/2025 तक विद्यालय के सभी कार्यदिवसों में सुबह 10 बजे से 01 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।

प्रवेश के लिये समय–सारणी

क्र.	विषय वस्तु	निर्धारित तिथियॉ
1	ऑफलाइन पंजीकरण	21 मार्च 2025 से 10 अप्रैल 2025 (सभी कार्य दिवस)
2	परीक्षा दिनांक	20 अप्रैल 2025 (11 बजे से 02 बजे तक एकलव्य स्कूल सातपायरी में)
3	परीक्षा परिणाम	30 अप्रैल 2025 (अप्रैल का चौथा सप्ताह)
4	चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश	मई का प्रथम सप्ताह

कक्षावार रिक्त सीटों का विवरण

कक्षा	बालक	बालिका	रिमार्क
7वीं	03	00	
8वीं	01	01	
9वीं	00	00	रिक्तियॉ होने की स्थिति में

नोट :– 1. यदि भविष्य में 15 जून 2025 तक कोई सीट रिक्त होती है तो उस पर भी प्रवेश लिया जायेगा।

2. कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश कक्षा 10वीं सी.बी.एस.ई. परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त मेरिट के आधार पर दिया जायेगा।

कक्षावार आयु सीमा

कक्षा	न्यूनतम आयु (31 मार्च 2025 तक)	अधिकतम आयु (31 मार्च 2025 तक)
7वीं	11	14
8वीं	12	15
9वीं	13	16

नोट– 1.अधिकतम आयु सीमा में दिव्यांग छात्रों को दो वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।

2. अधिकतम आयु के संदर्भ में 01 अप्रैल को भी मान्य किया जायेगा।

3. केवल वही उम्मीदवार प्रवेश के पात्र होंगे जिन्होंने पूर्व कक्षा सत्र 2024–25 में उत्तीर्ण की हों।

4. उम्मीदवार के पास अपनी जाति का जाति प्रमाण–पत्र होना अनिवार्य है, जो प्रवेश के समय दस्तावेज जॉच के समय देना होगा।

निरंतर पेज क्रमांक 02

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
खकनार जिला-बुरहानपुर

5. उम्मीदवार जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया) विमुक्त जनजातियॉं, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ समुदाय (DNT/NT/SNT) के अलावा वे बच्चे जिन्होनें अपने माता पिता को वामपंथी उग्रवाद/उग्रवाद/कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान तथा दिव्यांग माता पिता की संतान या अनाथ से होना चाहिये।

परीक्षा प्रश्नों का संघटन (विद्यार्थी जिस कक्षा में प्रवेश लेना चाहता है उससे पूर्व कक्षा की NCERT किताबों से)

परीक्षा हेतु विषय	प्रश्नों की संख्या	निर्धारित अंक
अंग्रेजी	10	20
हिन्दी	10	20
गणित	30	60
विज्ञान	30	60
सामाजिक विज्ञान	20	40
कुल योग	100	200

1. ऋणात्मक अंकन नहीं किया जायेगा।
2. परीक्षा की समयावधि 03 घंटे की रहेगी। (11 बजे से 02 बजे तक)
3. दिव्यांग छात्रों को 30 मिनिट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

परीक्षा की दिनांक समय एवं स्थान

1. पंजीकृत विद्यार्थियों की परीक्षा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खकनार (सातपायरी) में दिनांक 20 अप्रैल दिन रविवार को समय सुबह 11 बजे से 02 बजे तक आयोजित की जायेगी।
2. उम्मीदवार को परीक्षा अवधि से 30 मिनिट पहले परीक्षा केन्द्र (विद्यालय) रिपोर्ट करना अनिवार्य है।

परीक्षा का परिणाम

परीक्षा का परिणाम विद्यालय के सूचना पटल एवं बेवसाइट www.emrskhaknar.org.in पर प्रकाशित कर चयनित अभ्यर्थियों को सूचित कर दिया जायेगा।

नोट –

1. रिक्त सीटों की संख्या भविष्य में घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
2. यदि कोई उम्मीदवार भविष्य में प्रवेश के लिये अपात्र पाया जाता है तो विद्यालय के पास उसका प्रवेश निरस्त करने तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।
3. प्रवेश संबंधी किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में विद्यालय का निर्णय ही अंतिम होगा। और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा।
4. उम्मीदवारों को परीक्षा के समय प्रवेश–पत्र लेकर आना अनिवार्य होंगा। बिना प्रवेश–पत्र के परीक्षा भवन में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
5. उमीदवारों को पंजीकरण के समय अपना आधार कार्ड तथा तीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना है।

19/3/25

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
खकनार (सातपायरी)

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
खकनार जिला बुरहानपुर